आदरणीय प्राध्यापक साथियों

हरियाणा बनने के बाद से ही विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के प्राध्यापक साथियों ने ऐसे हरियाणा के निर्माण में अपना योगदान दिया है जहां हमेशा शांति व समृद्धि हो। हमने पुरी निष्ठा से यहीं मूल्य अपने विद्यार्थियों में संचित करने का प्रयास किया है। Haryana Government College Teachers' Association (HGCTA), Haryana College Teachers' Association (HCTA), KUTA, MDUTA व Haryana Fedration of University & College Teachers' Organisation (HFUCTO) जैसे संगठनों के माध्यम से हम जहां शिक्षा व शिक्षक हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं। यह तभी संभव है जब सामाजिक समरसता हो।

.

मित्रों , पिछले कुछ दिन समस्त हरियाणावासियों की तरह हम प्राध्यापकों के लिए काफी पीड़ादायक रहे। कारण जो भी रहे हों शांति , समृद्धि व समाजिक समरसता तार तार हुई है। जन व धन की अकूत हानि हुई है। सबसे बढ़कर आपसी भाईचारे में संदेह पैदा हुआ है। तनाव समाज के चेहरे पर साफ दिखाई देता है। ऐसे वातावरण में हम प्राध्यापक साथियों का कर्त्तव्य बनता है कि हम समाज को इस अंधेरे से उजाले की तरफ आगे बढ़ाएं। समाजिक समरसता पर चोट पहुंचाने वाली ताकतों की पहचान व उन्हें सख्त सजा की मांग सामने रखें। ताकि एक बार फिर न्याय के साथ शांति पनपे।

साथियों, हरियाणा के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के अध्यापकों के विभिन्न संगठनों ने ये फैसला किया है कि 1 मार्च 2016 (मंगलवार), दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच हमारी सभी स्थानिय यूनिटें व सदस्य साथी शान्ति, सद्भाव व समाजिक समरसता के लिए शान्ति मार्च निकालें। स्थानिय स्तर पर राजकीय महाविद्यालयों के नेतृत्वकारी साथी अन्य विश्वविद्यालयों व राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के साथियों से संपर्क करके संयुक्त मार्च निकालें तो संदेश ज्यादा प्रभावी होगा। इस कार्यक्रम के लिए एक बैनर और संदेश लिखे बोर्ड भी बनवाये जा सकते हैं। बैनर पर "Teachers For Justice, Peace & Harmony" लिखा जा सकता है।

साथियों,
इस कार्यक्रम के आयोजन को गंभीरता से लें।

सादर

आपका साथी
डा० सुनील कुमार
संगठन सचिव HGCTA
महासचिव HFUCTO

(संदेश को सभी साथियों तक पहुंचाने में सहयोग भी करें)